सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 350 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, गुरुवार, 20 जून, 2024




# 800 साल बाद जीवंत हुआ नालंदा विश्वविद्यालय, पीएम मोदी ने नए कैंपस का लोकार्पण किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

PL न्यूज डेस्क - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का लोकार्पण किया। 800 साल बाद बिहार फिर से पूरी दुनिया के ज्ञान के केंद्र के रूप में पहचान बनाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को बिहार दौरे पर हैं। वे दिल्ली से विशेष विमान से सुबह गया एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से हेलिकॉप्टर के जरिए नालंदा आए। उन्होंने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहरों का अवलोकन किया, और




इतिहास के बारे में गहनता से जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने राजगीर स्थित नालंदा अगला यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का लोकार्पण किया। तीसरी बार पीएम बनने के बाद यह उनका पहला बिहार दौरा है। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,
विदेश मंत्री एस जयशंकर और 17 देशों के राजदुत भी पीएम मोदी के साथ रहे। 17 देशों की साझेदारी से स्थापित अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित कैम्पस में कुल 221 संरचनाओं का पीएम ने लोकार्पण किया। इसके बाद वे हेलीकॉप्टर से गया लौटेंगे।

## नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस की खासियत

यह परिसर ऐतिहासिक नगरी राजगीर की पंच पहाड़ियों में से एक वैभारगिरि की तलहटी में बनाया गया है। करीब 455 एकड़ में फैले नए कैंपस में 1750 करोड़ रुपये की लागत से नए भवनों और अन्य सुविधाओं का निर्माण किया गया। अभी इस कैंपस का काम चल रहा है। नालंदा यूनिवर्सिटी के कैंपस में 24 इमारतें हैं।

## प्राकृतिक छटाओं और पानी से गिरा है नया कैंपस

प्रकृति की गोद में बसा नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का नजारा बहुत मनमोहक है। इस परिसर के एक चौथाई हिस्से में पानी है। विभिन्न भवनों के आसपास जलाशय बनाए गए हैं। जो बिहार की पारंपरिक आहर पईन जल संयन प्रणाली पर आधारित हैं। यानी कि इस कैंपस में आधुनिकता के साथ परंपरा का भी संगम देख लेख को मिलता है।






# मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु पूर्णतः संकल्पित झारखंड सरकार

### हम सब का एक ही नारा, नशा मुक्त जीवन हो हमारा

### उपायुक्त ने प्रेस वार्ता कर पत्रकार बंधुओं से की जागरूकता फैलाने की अपील

### मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु जागरूकता रथ को उपायुक्त ने किया रवाना

### 19 से 26 जून 2024 तक चलाया जाएगा मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम

### किशोर तथा युवा वर्ग को जागरूक करना हमारी प्राथमिकता- उपायुक्त

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार 19 जून से 26 जून 2024 तक मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकर्ताओं के विरुद्ध सख़्त कानूनी कारवाई के साथ-साथ समाज को, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में पत्रकार बंधुओं की भूमिका भी अहम है। उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु संदेश लोगों तक पहुँचाना भी हमारा उद्देश्य है।

उपायुक्त ने कहा कि प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित करने की आवश्यकता है, जिसके तहत जिला प्रशासन सहित समाज कल्याण, जनसम्पर्क कार्यालय जेएसएलपीएस की महिला संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं समेत अन्य विभागों को अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान में जिला प्रशासन के अलावा सभी जिले वासियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। खासकर बच्चों के माता-पिता एवं शिक्षक इसकी महत्वपूर्ण भूमिका में रहते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी पेरेंट्स अपने-अपने बच्चों पर अवश्य नजर रखें कि वह किसी भी गलत संगत में ना पड़े। जो भी बच्चे नशे की आदि हैं उन्हें इन सभी चीजों से बाहर निकलना भी हमारी प्राथमिकता है एवं जो भी बच्चे इसके चपेट में भी नहीं आए हैं उन्हें भी इनसे बचा कर रखना हमारी प्राथमिकता है।

जागरूकता अभियान के दौरान ग्राम स्तर पर चौपाल आयोजित करने, जिला व प्रखंड स्तर पर कार्यशाला, विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जिसमें बाजार-हाट आदि में नुक्कड़ नाटक, जागरूकता कार्यक्रम सहित विद्यालय स्तर पर क्विज व निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, साइकिल रैली, शपथ पाठ आदि गतिविधियां संचालित की जाएगी।

प्रेस वार्ता के उपरांत उपायुक्त द्वारा मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों में भ्रमण कर लोगो को मादक पदार्थों के विरुद्ध लोगो को जागरूक करेगी।

## मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना रेलवे स्टेशन के पास खोला सहायता केन्द्र



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निर्देशानुसार आज रेलवे स्टेशन श्रमिक चौक के पास मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के जागरूकता के लिए सहायता केंद्र खोला गया।

इस अवसर पर आमजनों के बीच मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत निःशुल्क यात्रा और योजना से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधान की जानकारी दी गई तथा शहर में जागरूकता रथ भी चलाया गया।

## राग़िनी सिंह ने जीटी रोड पर देर रात हाइवा और कार की जोरदार टक्कर से दिवंगत राहुल गुप्ता और अन्य के परिजनों से मिल घटना पर दुख जताते हुए उन्हे अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: बरवाअड्डा स्थित लोहारबरवा समीप जीटी रोड पर मंगलवार की देर रात हाइवा और कार की जोरदार टक्कर से भीषण सड़क हादसे में कार सवार जोड़ा फाटक निवासी चूड़ी व्यवसाई राहुल कुमार गुप्ता समेत तीन अन्य लोगों की मौत हो गई वहीं एक घायल को गंभीर अवस्था में एसएनएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले की सूचना मिलने पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राग़िनी सिंह



सरायढेला स्थित एस एन एम सी एच अस्पताल पहुंची और घटना में गंभीर रूप से घायल युवक के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। श्रीमति सिंह ने दिवंगत राहुल गुप्ता और अन्य के परिजनों से मिल घटना पर दुख जताते हुए उन्हे अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की जहा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था वही श्रीमती सिंह ने उन्हे हर संभव सहायता करने की बात कही। इस दौरान परिजनों समेत कई अन्य मौजूद रहे।

# एनएसयूआई धनबाद ने जलाया केंद्र सरकार का पुतला

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : एनएसयूआई धनबाद के द्वारा केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया, जिस प्रकार नीट की परीक्षा में व्यापक धांधली के संकेत देखने को मिल रहे हैं, तथा सुप्रीम कोर्ट ने भी माना की ग्रेस मार्क्स देने और पूरी प्रक्रिया में कुछ ना कुछ संदेह की स्थिति है, देश भर के तमाम सेंट्रो पर अनेक अभ्यर्थी को गिरफ्तार भी किया गया है एनएसयूआई मांग करती है



की पूरी प्रक्रिया की सीबीआई जांच हो, तथा दोषियों पर शख्स कार्रवाई की जाए, तथा ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमीशन बनाकर पूरी प्रक्रिया की जांच की जाए, क्योंकि यह देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है, जिस प्रकार से ग्रेस मास देकर कुछ सेंट्रो पर छात्रों को लाभ पहुंचाया गया तथा अनेक छात्रों को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास परीक्षा से पूर्व ही परीक्षा की प्रश्न पत्र मिल गए थे, इन सभी मामलों को लेकर NSUI ने केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया।

मौके एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रवि पासवान, धनबाद नगर अध्यक्ष सनी सिंह, पीके भाई कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह, गुरु नानक कॉलेज उपाध्यक्ष अनिकेत कुमार, विश्वविद्यालय महासचिव मोहित कुमार, अमन पासवान, सोहेल अली, आयुष सिंह, ध्रुव कुमार, आयुष कुमार,नवनीत कुमार, मयंक कुमार, शुभम सिंह, हिमांशु पांडे मौजूद थे ।

# धनबाद जंक्शन रजस्व देने वाला पुरे देश में दूसरे पायदान पर है लेकिन यात्री सुविधा शून्य..

## स्टेशन मास्टर और आरपीएफ से सहयोग मांगते थक गए लेकिन नहीं मिली कोई सुविधा

- यात्री विमार होने क़े तीन घंटा बाद भी रेल का डॉक्टर और एम्बुलेंस नहीं आया
- झारखण्ड सरकार की 108 एम्बुलेंस को कॉल किया तो 10 मिनट में स्टेशन आ पहुंची
- तब तक यात्री की तबियत काफी बिगड़ चुकी थी






पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : धनबाद जंक्शन रजस्व में पुरे देश में दूसरे पायदान पर है और A1 ग्रेड में भी शुमार है लेकिन आम यात्री की सुविधा शून्य है। यह हवा हवाई नही है बल्कि धनबाद रेल मंडल प्रबंधक अपने कार्यालय में कई बार धनबाद जंक्शन की ढुलाई के मामले में खुद को पीठ थपथपाती भी है अब सवाल ये उठता है की क्या धनबाद जंक्शन रेलवे की इस सौतेला व्यवहार से कब तक अछूता रहेंगे।

धनबाद जंक्शन पर संध्या 7 बजे से रात 10 बजे तक पिछले 3 घंटे तक एक यात्री तड़पते रहे लेकिन रेलवे की सुविधा टाय-टाय फ़ीश साबित हुए। RPF ने लगभग 2 घण्टे पहले स्टेशन मास्टर को सूचित किया। स्टेशन मास्टर ने तत्काल डॉ नही होने का हवाला देते हुए इंतज़ार करने की बात कही। उसके बाद RPF ने रेलवे का डॉ और एम्बुलेंस का इंतज़ार करता रहा लेकिन नही पहुंची। जबकि वहाँ पर आम यात्री ने झारखण्ड 108 एम्बुलेंस को कॉल किया तो 10 मिनट में स्टेशन आ पहुंची। जिसके बाद उक्त व्यक्ति को RPF ने रेलवे अस्पताल ले गया।

जबकि यात्री ओड़िसा का गंजम जिला का अनिल शेठी बताया जाता है। परिजन से बात करने पर पता चला की अनिल शेठी आत्महत्या करने का प्रयास किया है पारासिटा मोल टेबलेट 50 पीस खा लिया जिससे उक्त व्यक्ति की पुरे शरीर में जलन होने लगी और धनबाद जंक्शन के मुख्य द्वार पर तड़पने लगा। वहाँ पर सभी लोग मूक दर्शक बनकर देखने लगे। अनिल शेठी के पास रेलवे के दो जनरल टिकट भी मिले है। RPF ने उक्त यात्री के परिजन को सुचना अवगत करा दिया है उनका परिजन धनबाद के लिए निकल चुके है।

## बिजली बिजली गिरने से आंगन का पेड़ जला



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भाजपा नेता उमेश सिंह क़े सरकारी आवास पर बिजली गिरने से आँगन का पेड़ जल गया, घटना मंगलवार देर रात की है, बिजली कड़क कर जगजीवन नगर सेंट्रल हॉस्पिटल क़े उनके क़्वार्टर आंगन में पेड़ पर गिरी जहां आग लग गया, घर का पूरा बिजली केबल वायरिंग शार्ट हो गया, खुदकीस्मती यें थी की घर पर कोई नहीं था, पड़ोसियों ने फोन कर घटना की जानकारी दिया, बुधवार को घर पहुंच कुदरत क़े खेल को देखा.

## झारखंड के स्कूलों की आई नई टाइमिंग, 11:30 बजे तक ही चलेंगे स्कूल KG से कक्षा 12 तक की क्लासेस

- अगले आदेश तक सुबह 7:00 बजे से पूर्वाहन 11:30 बजे तक संचालित की जाएंगी

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद: झारखंड में जारी गर्मी को देखते हुए प्रदेश में संचालित सभी सरकारी, गैर सरकारी, सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त( अल्पसंख्यक) सहित एवं सभी निजी विद्यालयों में वर्ग KG से कक्षा 12 तक की क्लासेस अगले आदेश तक सुबह 7:00 बजे से पूर्वाहन 11:30 बजे तक संचालित की जाएंगी. सरकार के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल ने इससे संबंधित आदेश 19 जून को जारी कर दिया है. आदेश में कहा गया है कि निजी विद्यालयों का संचालन संबंधित विद्यालय के दिशा निर्देश के अनुसार आरटीआई अधिनियम एवं प्रबंधन के प्रावधानों के तहत किए जाएंगे. पत्र में यह भी कहा गया है कि इससे संबंधित पूर्व निर्गत आदेश को संशोधित समझा जाए. इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए. झारखंड में गर्मी कमने का नाम नहीं ले रही है. लोग परेशान है ,बारिश हो रही है फिर भी तापमान में कोई गिरावट दर्ज नहीं की जा रही है.



# उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई कारा सुरक्षा समिति की बैठक

**मंडल कारा की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश**

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कारा सुरक्षा, कारा में कैदियों-बंदियों हेतु मूलभूत सुविधाएं, कैदियों-बंदियों के परिजनों से मुलाकाती, कैदियों की संख्या, सुरक्षा बलों की संख्या, स्वास्थ्य सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरा, बिजली, पानी, समुचित प्रकाश की व्यवस्था, वाच टावर, जैमर, टेलीफोन बूथ, वाकी टॉकी की कार्यशीलता, सायरन सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर समीक्षा किया गया। इस दौरान उन्होंने कारा के सुरक्षा सहित भोजन, पानी, शौचालय एवं साफ-सफाई के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं निर्देश देते हुए कहा कि कारा में कैदियों - बंदियों को जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों-बंदियों को स्वच्छ, ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं, इसमें किसी प्रकार की कोताही ना बरतें।

उपायुक्त द्वारा मंडल कारा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरा को सदैव क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया कि कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारी पूरी तरह से सजग रहें। साथ ही उन्होंने कहा कि जेल के चारो ओर आबादी है इस दृष्टि से सुरक्षा को लेकर पेट्रोलिंग एवं पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती समेत अन्य दिशा निर्देश दिया गया।

जेल मैनुअल का पालन सुनिश्चित कराने हेतु समय समय पर औचक निरीक्षण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने कार्य मे कोताही बरतेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सिटी अजित कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, विशेष शाखा के पदाधिकारी, जेल के पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, डीएसपी मुख्यालय-1, कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## 21 जून 2024 अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर निरसा अग्रसेन भवन में संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से लगाया जा रहा महा रक्तदान शिविर



पोलिट लाइव रिपोर्टर

निरसा : ब्लड बैंकों में इस वर्ष की भीषण गर्मी के चलते ब्लड डोनेशन कैंप कम लगने के कारण ब्लड बैंको में रक्त की उपलब्धता काफी कम, नहीं के बराबर हो रखा है ,कोई भी समुह के रक्त उपलब्ध नहीं रहने के कारण बहुत से मरीज़ जैसे थेलेसिमिया ,अप्लास्टिक एनीमिया, डिलीवरी पेशेंट, एक्सीडेंट पेशेंट तथा अन्न मरीजों को समय पर ब्लड बैंको से रक्त उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिसके चलते काफी मरीजों को परेशानी हो रही है ,इस रक्त की कमी को कुछ हद तक कम करने की मुहीम में समाज के समाजसेवी संस्था समर्पण एक नेक पहल (NGO),राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत,मारवाड़ी युवा मोर्चा (निरसा शाखा )तथा भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति के सदस्यों ने आगे बढ़कर एक महा रक्तदान शिबिर लगाने का निर्णय 21जून को सुबह 10:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक निरसा अग्रसेन भवन में लिए है,इस रक्तदान शिविर के साथ एक निशुल्क चिकित्स्या जाँच शिविर का आयोजन अमन सिंह निर्देशक कुमारधुबी हॉस्पिटल के सौजन्य से लगाया जा रहा है, संस्थाओं के द्वारा सभी निरसा -चिरकुंडा के रक्तदाताओं से 21जून को निरसा अग्रसेन भवन में आकर रक्तदान शिविर में आकर रक्तदान करने की अपील किए ओर रक्तदाताओं को रक्तदान कर जीवनदान देने का कार्य करने का अनुरोध किया गया।

# उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में कई गई शिक्षा विभाग की समीक्षा

**बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता- उपायुक्त**

**शत प्रतिशत योग्य छात्र-छात्राओं को सरकारी योजनाओं का पहुंचाएं लाभ- उपायुक्त**

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में की गई।

बैठक के दौरान छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र बनाने, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने, जन्म प्रमाण पत्र बनाने, मिड डे मील की समीक्षा, जर्जर भवनों की स्थिति की समीक्षा, जिला स्थापना समिति की समीक्षा, स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों का अंतर जिला स्थानांतरण के पश्चात रिक्त अनुसार स्थापना की समीक्षा, साइकिल वितरण की समीक्षा, किशोरी समृद्धि योजना एवं सावित्रीबाई फुले योजना की समीक्षा, खाद्यान्न उठाव, कुकिंग कोस्ट मद के आय व्यय के विवरण, अतिरिक्त पोषाहार (फल, अंडा) के आय व्यय का विवरण, ऑनलाइन एमआईएस पोर्टल की समीक्षा, रसोईयो का वृद्धा पेंशन एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण करने की समीक्षा समेत बचे हुए विद्यालयों के बाउंड्री वॉल निर्माण, स्कूलों में लगातार हेल्थ चेकअप करने, अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु विभिन्न प्रकार के समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने कहा कि जिले में बच्चों के शिक्षा से लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ बेहतर गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक आहार(मिड डे मील) देना हमारी प्राथमिकता है, इन चीजों पर किसी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन प्रखंडों में बच्चों के आधार इनरोलमेंट, जाति प्रमाण पत्र निर्माण, दिव्यांग प्रमाण पत्र आदि निर्माण कार्य में पीछे है वैसे प्रखंडों में कैंप लगाकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जल्द से जल्द प्रमाण पत्र निर्गत करवाने का कार्य करेंगे। इस कार्य में समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर बच्चों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।






# लोहारबरवा गोविंदपुर क़े एनएच -2 पर कार को हाइवा ने मारी भीषण टक्कर,चार दोस्तों ने एक साथ दुनिया को कहा अलविदा

## धनबाद विधायक राज सिन्हा और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने हॉस्पिटल पहुंच परिजनों को बंधाया ढाढ़स





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : बरवाअड्डा स्थित लोहारबरवा समीप जीटी रोड पर मंगलवार की देर रात हाइवा और कार की जोरदार टक्कर से भीषण सड़क हादसे में कार सवार जोड़ा फाटक निवासी चूड़ी व्यवसाई राहुल कुमार गुप्ता समेत तीन अन्य लोगों की मौत हो गई वहीं एक घायल को गंभीर अवस्था में एस एन एम सी एच अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले की सूचना मिलने पर भाजपा विधायक राज सिन्हा और प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह सरायढेला स्थित एस एन एम सी एच अस्पताल पहुंची और घटना में गंभीर रूप से घायल युवक के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। श्रीमति सिंह ने दिवंगत राहुल गुप्ता और अन्य के परिजनों से मिल घटना पर दुख जताते हुए उन्हे अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की जहा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था वही विधायक राज सिन्हा और श्रीमती सिंह ने उन्हे हर संभव सहायता करने की बात कही। इस दौरान परिजनों समेत कई अन्य मौजूद रहे।



विधायक राज सिन्हा ने दुर्घटना में मृतकों के आश्रित को मुआवजा देने की चर्चा धनबाद उपायुक्त से मुलाक़ात कर की।

## धनबाद जिला ग्रामीण भाजपा ने विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता की तैयारी को लेकर किया बैठक



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता को लेकर धनबाद जिला ग्रामीण भाजपा के पदाधिकारियों, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों, मोर्चा के जिलाध्यक्षों की बैठक गोविन्दपुर में जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर की अध्यक्षता में हुई । बैठक में मंडल स्तर पर योग दिवस, योग दिवस की पूर्व सन्ध्या में राज विलास कौआबांध में जिला स्तरीय योग करने, 23 जून को डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस बूथ स्तर पर मनाने व जिला स्तर पर विचार गोष्ठी का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

साथ ही 25 जून को हरदेव राम स्मृति भवन गोविन्दपुर में आपातकाल दिवस को काला दिवस के रूप में मनाने का भी निर्णय लिया गया । साथ ही तीस जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सभी बूथों पर सुना जायेगा। आपातकाल काला दिवस के लिए रतिरंजन गिरि संयोजक एवं विपिन बिहारी दा सह संयोजक, बलिदान दिवस के लिए जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह संयोजक व संतलाल प्रामाणिक सह संयोजक बनाये गये ।

## धनबाद मंडल में चलाया गया मेगा टिकट चेकिंग अभियान

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है | इसी क्रम में 18 जून से धनबाद मंडल में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत मंडल के विभिन्न खण्डों के साथ-साथ धनबाद, चन्द्रपुरा, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की गई | यह मेगा टिकट चेकिंग अभियान दिन-रात चलाया गया । इस जांच अभियान में कुल 1598 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे | इस दौरान उनसे 08 लाख 38 हज़ार 960 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई | चेकिंग अभियान में 160 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था | चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया |

धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी । इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने किया राज्य बैठक का ऐलान

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा द्वारा 23 जून 2024 को एक मांग वेतनमान को लेकर राज्य बैठक मोराबादी रांची में किया जाना है, उक्त बैठक की जानकारी मोर्चा के राज्य सदस्य सुशील कुमार पांडे ने दी उन्होंने कहा वर्तमान हेमंत सरकार चुनाव से पूर्व अपनी संकल्प पत्र में लिखा है कि जे एम एम और महागठबंधन की सरकार राज्य में आते ही तीन माह के अंदर झारखंड राज्य के सहायक अध्यापकों को वेतनमान दिया जाएगा परंतु वर्तमान सरकार अब शेष कार्यकाल केवल चार महीनो की बची है परंतु अपने संकल्प पत्र मे लिखे और वेतनमान के वायदे को अब तक पूरा नहीं किया गया जिससे राज्य के 62000 सहायक अध्यापकों में भारी आक्रोश व्याप्त है श्री पांडे ने कहा निश्चित रूप से राज्य बैठक कर झारखंड में तमाम जिलों के अगुवा साथियों, मोर्चा के सभी सदस्यों द्वारा सामूहिक निर्णय लेकर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा यदि वर्तमान सरकार सहायक अध्यापकों को वेतनमान देकर अपना वादा पूरा नहीं करती है तो निश्चित रूप से रघुवर दास पूर्व सरकार की भांति वर्तमान सरकार का भी चुनावी समीकरण बदलने के लिए राज्य के 62 हज़ार सहायक अध्यापक परिवार सक्षम है।

# पति की मौत के बाद प्रोविजनल जॉइनिंग नहीं देने पर पत्नी पिंकी बर्मा गोलकडीह कार्यालय के मुख्य द्वार पर भूख हड़ताल पर बैठ गई

पोलिट लाइव रिपोर्टर



तिसरा: पति की मौत के बाद बस्ताकोला क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा प्रोविजनल जॉइनिंग नहीं देने पर बुधवार को पत्नी पिंकी बर्मा गोलकडीह कार्यालय के मुख्य द्वार पर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठ गई है! उनका कहना है कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा आंदोलन जारी रहेगा! उनके इस निर्णय से पूरे गोलकडी में दिनभर चर्चा होती रही! हालांकि प्रबंधन के तरफ से कोई भी सुध लेने नहीं पहुंचा था! पिंकी देवी के समर्थन में बीसीकेयू उतर आया है और कहा है कि उनकी हर लड़ाई में साथ खड़ा रहेंगे!

क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे पिंकी वर्मा ने कहीं की मेरे पति जितेंद्र कुमार सोनी के ओसीपी में एसबीएम के पद पर कार्यरत थे! 26 मई 2023 को पथरडीह स्थित अपने आवास से केओ सीपी ड्यूटी जाने के दौरान सड़क दुर्घटना हो गई थी!जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए थे! केंद्रीय अस्पताल धनबाद ले जाया गया था जहां उनकी मौत 26 तारीख को हो गई थी! 27 मई को केसीपी कार्यालय में प्रबंधन के साथ संयुक्त मोर्चा के नेताओं की वार्ता हुई जिसमें यह सरस्वती से निर्णय लिया गया कि जितेंद्र कुमार सोनी के स्थान पर उनकी विधवा पत्नी पिंकी वर्मा को प्रोविजनल नियोजन उनके द्वारा आवश्यक दस्तावेज (पत्नी होने का प्रमाण पत्र) उपलब्ध करवाने के उपरांत दिया जाएगा क्योंकि स्वर्गीय सोनी का सेवा अभिलेख में उनकी पत्नी का नाम दर्ज नहीं है! प्रोविजनल नियोजन की तिथि उनकी पत्नी के द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के जांचोंपरांत के बाद यदि अनुकूल होता है तो इस तारीख से मान्य होगा! अब सभी कागजात उपलब्ध कराने के बावजूद प्रोविजनल जॉइनिंग नहीं दिया जा रहा है! इसके विरोध में भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया गया! जिसकी सूचना बस्ताकोला महाप्रबंधक के ओ सी पी प्रबंधन एक जून 2024 को ही अवगत करा दिया गया था!वावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई! इधर पिंकी वर्मा के पक्ष में बिसीकेयू के तुलसी रवानी, देव रंजन दास, राजेंद्र पासवान और जनता मजदूर संघ के दिनेश सिंह और सीमेवा के भगवान प्रसाद नोनिया भी समर्थन में उतर आए हैं! कहा है कि महिला को न्याय मिलना चाहिए! जब पत्नी को नियोजन देने का समझौता हो गया था तो फिर प्रबंधन क्यों मुकर रही है!

# आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो पूर्वी टुंडी के पंडुवा गांव पहुंचे मतदाताओं का आभार प्रकट करने

पोलिट लाइव रिपोर्टर



पूर्वी टुंडी : प्रखंड अंतर्गत पंडुवा गांव में आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो, बुधवार को गिरिडीह लोकसभा चुनाव में सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के पक्ष पर अधिक से अधिक मतदान करने पर मतदाताओं का आभार प्रकट करने पहुंचे। श्री महतो का इससे पूर्व ढोल नगाड़े तथा फूल माला के साथ कार्यकर्ता तथा ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। श्री महतो ने ग्रामीणों की समस्याओं को बारी बारी से सुन कर उनकी समस्याओं को जल्द निदान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम पर पहुंचे ग्रामीणों ने आवास,जल, एवं सड़क आदि की समस्याओं के बारे में उन्हें अवगत कराया। कार्यक्रम में टुंडी विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव अनूप कुमार पांडे,आजसू नेता भास्कर ओझा,आजसू प्रखंड अध्यक्ष काजल कुमार,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष समीर साव, आजसू नेता मोहन साव, नरेश महतो, सुशील कुमार, भाजपा नेता महादेव कुमार,काजल कुमार आदि उपस्थित हुए।

# सिंदरी युवा कॉंग्रेस ने केक काट कर राहुल गांधी का हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एव रायबरेली के सांसद जननेता और भारत के लोकप्रिय नेता श्री राहुल गांधी जी के जन्मदिन के सुभ अवसर पर संविधान की प्रस्तावना पढ़ वचन लिए की संविधान बचाने का जो जयघोष राहुल गांधी जी ने किया है उसे हमलोग अपने क्षेत्रों मे जिम्मेदारी के साथ जारी रखेंगे साथ ही केक काट कर युवा साथी हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम के नेतृत्व सिंदरी विधानसभा युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष टिंकू अंसारी ने किया

# टुंडी में एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी के जीत पर निकला आभार यात्रा





पोलिट लाइव रिपोर्टर

टुंडी : गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी आजसू के चन्द्र प्रकाश चौधरी को दुबारा जितने पर बुधवार को टुंडी एवं पूर्वी टुंडी प्रखंड क्षेत्र में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के नेतृत्व में जनता से मिलने के लिए आभार यात्रा निकाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वी टुंडी प्रखंड के पंडुआ से हुआ जहां एक सभा कर सुदेश महतो ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने अपना बहुमूल्य वोट देकर एनडीए के आजसू प्रत्याशी को विजई बनाया इसके लिए हम आपका आभार व्यक्त करते हैं और आगे भी आपके हर सुख दुख में आपके साथ रहेंगे यह वादा करते हैं इसके बाद सुदेश महतो अपने जत्थे के साथ मैरा नावा टांड सुंदरपहाड़ी होते हुए टुंडी पहुंचे जहां भाजपा नेता विक्रम पांडेय के नेतृत्व में गोपाल पांडेय संजीव मिश्रा एवं अन्य लोगों ने सुदेश महतो का स्वागत किया जिसके बाद सुदेश महतो सभी लोगों के साथ थाना मोड़ से टुंडी बाजार तक पदयात्रा कर लोगों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद रायगंज जाने के क्रम में मनियाड़ीह में भी रुक कर लोगों का आभार व्यक्त किया। इस क्रम में पूछे जाने पर सुदेश महतो ने बताया कि झारखंड में विधानसभा का चुनाव बहुत जल्द होने वाली है इसके लिए एनडीए के साथ हम सब मिल बैठकर सीट शेयरिंग की बात तय करेंगे उसमें टुंडी विधानसभा की भी बात होगी।आभार यात्रा के इस दौरान सुदेश महतो के साथ देवशरण भगत उमाकांत रजक हलधर महतो टुंडी विधान सभा प्रभारी अनूप पांडेय सोनू मंडल मिथुन मंडल प्रेम सिन्हा संतोष महतो काजल कुमार नरेश महतो रामचंद्र राणा धर्मेंद्र सिंह आदि साथ थे।

# राजगंज में आजसू ने निकाला एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के जीत पर आभार यात्रा



पोलिट लाइव रिपोर्टर

राजगंज - एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी का गिरिडीह लोकसभा से दूसरी बार सांसद बनने पर राजगंज बाजार में बुधवार को दुर्गा मंदिर से थाना कुल्ही तक आभार यात्रा निकाला गया।आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने राजगंज क्षेत्र के जनता को भारी बहुमत से एनडीए प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए आभार प्रकट करते हुवे कहा कि सिर्फ गिरिडीह नही बल्कि पूरे राज्य की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए आजसू पार्टी आरपार की लड़ाई लड़ेगी इसके लिए हर विधान सभा क्षेत्र जाकर लोगो की समस्याओं से रु ब रु होने की तैयारी है।मौके पर जिला उपाध्यक्ष गिरिधारी महतो ने हजारों महिलाएं व कार्यकर्ता के साथ ढोल नगाड़ों के साथ पदयात्रा में पहुंचकर सुदेश महतो का स्वागत किया।मौके पर शंकर किशोर महतो, गिरिधारी महतो,संतोष महतो, प्रमोद चौरसिया,मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह,गौतम साव, प्रवीण चौधरी, रेखा देवी, अधिवक्ता राहुल महतो, नरेश महतो, अजय राम माहुरी, संजय माहुरी आदि मौजूद थे। इधर राजगंज चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा सुदेश महतो को शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर सम्मानित किया इस दौरान सुदेश महतो ने चैम्बर के हर समस्याओं से निजाद दिलाने की बात कही।मौके पर प्रीतम अग्रवाल, सन्दीप अग्रवाल, पवन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अभय अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# गोविंदपुर में पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति ठप रहने पर नागरिकों ने कार्यपालक अभियंता कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दिया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर : गोविंदपुर में पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति ठप रहने और नागरिकों द्वारा कार्यपालक अभियंता कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी के बाद बुधवार को पेयजल एवं स्वच्छता धनबाद प्रमंडल एक के कार्यपालक अभियंता जेसन होरो बुधवार को अपनी टीम के साथ पीएचइडी परिसर गोविंदपुर पहुंचे। उन्होंने खराब हुए 200 एमएम के वाल्व एवं टी सॉकेट का निरीक्षण किया एवं सुचारु जलापूर्ति का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विभाग में संसाधनों की कमी है। वह मिस्त्री भेज देंगे और कुछ की व्यवस्था तीनों पंचायतो को संयुक्त रूप से करनी होगी। गुरुवार तक तकनीकी गड़बड़ी दूर कर ली जाएगी और शुक्रवार से जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी। गोविंदपुर पश्चिमी की मुखिया ममता देवी ने कार्यपालक अभियंता को बताया कि पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो रही है। इस कारण क्षेत्र में बारी-बारी से प्रत्येक 2 दिन पर पानी आपूर्ति की जा रही है। तकनीकी गड़बड़ी से जलापूर्ति ठप है और गोविंदपुर पूर्वी, गोविंदपुर पश्चिमी एवं अमरपुर पंचायत में जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। इससे पानी के लिए क्षेत्र में त्राहिमाम मचा हुआ है उपभोक्ता मुखिया पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। मुखिया ने जलापूर्ति बढ़ाने की अपील की। कार्यपालक अभियंता ने कहा कि गोविंदपुर-निरसा जलापूर्ति योजना का काम पूरा हो जाने के बाद पाइप लाइन से घर-घर जलापूर्ति शुरू हो जाएगी और जल संकट का स्थाई समाधान यही है। मौके पर सहायक अभियंता समरेंद्र मल्लिक, जेई कुमार आनंद, नागरिक समिति उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, संयुक्त सचिव अनूप साव, पंसस मीरा देवी, गोविंदपुर पूर्वी मुखिया झूमा मुखर्जी, वीरेंद्र रजक, सिराजुद्दीन अंसारी, आफताब अंसारी, अशोक पासवान, छोटू विश्वकर्मा अनिकेत कुमार आदि थे।

# गोड्डा जिला कांग्रेस कमिटी ने राहुल गांधी क़े जन्म दिवस पर रिक्शा, ठेला वालो के बीच फल वितरण किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर




गोड्डा : जिला कांग्रेस कमिटी गोड्डा के द्वारा जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद के अध्यक्षता में राहुल गांधी जी का जन्म दिवस मनाया गया जिला कांग्रेस कमिटी गोड्डा के द्वारा रिक्शा / ठेला वाला के बीच फल वितरण कर राहुल गांधी जी को शुभकामना संदेश दिया गया श्री दिनेश प्रसाद यादव ने शुभकामना संदेश देते हुए कहा पूरे देश को अपने कदमों से नाप कर न्याय, एकता और मोहब्बत का संदेश देने वाले हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देता हूं , मौके पर उपस्थित राजीव मिश्रा ,कुंदन ठाकुर, अमरेंद्र कुमार अमर, राकेश रौशन, मनोहर सिंह, महबूब अंसारी, सोनी सिंह, सुशीला देवी, शिशिर झा एवं कई कांग्रेसी उपस्थित थे.

## टुंडी मुख्यालय क़े 25 एकड़ में फैले कृषि विभाग का बीज उत्पादन केंद्र क़े घेराबंदी का विरोध ग्रामीणों ने किया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

टुंडी : टुंडी मुख्यालय स्थित 25 एकड़ में फैले कृषि विभाग का बीज उत्पादन केंद्र के अंतर्गत कदमाआहारा तालाब का सुनीता फाउंडेशन नामक स्वयंसेवी संस्था के द्वारा घेराबंदी करने के विरोध में ग्रामीणों द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी से किए गए शिकायत के आलोक में बुधवार को जिला कृषि पदाधिकारी शिवकुमार राम ने टुंडी पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि स्थानीय ग्रामीणों के हित में सड़क किनारे का अगला हिस्सा छोड़ कर घेराबंदी होगी। इसके अतिरिक्त कुछ ग्रामीणों के द्वारा रास्ता को लेकर शिकायत की गई थी। जिसके लिए भी जिला कृषि पदाधिकारी ने पब्लिक हित को ध्यान में रखते हुए काम करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकारी एजेंसी सुनीता फाउंडेशन के लोगों को स्वेच्छाचारी रवैया अपनाने एवं विभाग को बिना सूचना दिए कार्य करने के लिए जमकर लताड़ा गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कनीय पोध संरक्षक डॉक्टर अभिषेक मिश्रा, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक निर्मल पांडेय आदि उपस्थित थे।

## जबरन ओबी डंप के विरुद्ध सुरंगा ग्रामीणों ने निकाला विशाल मशाल जुलूस



पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा : बीसीसीएल प्रबंधन तथा देव प्रभा संचालक कुंभनाथ सिंह, एल बी सिंह के मनमानी को देखते हुए जबरन रैयतों के जमीन पर ओबी डंप करने तथा दिनदहाड़े बमबाजी गोली, फायरिंग करवाने और कुभनाथ सिंह को कि गिरफ़्तारी कि मांग को लेकर आज सुरुंगा शिव मंदिर ग्राउंड से कुम्हार टोला, रविदास टोला, महतो टोला, रजक टोला, देव टोला, बाउरी टोला, बोद्रो टोला ऑफिस धोवड़ा, पहाड़ीगोड़ा, होते हुए पूरे गांव के लोग आक्रोशित होकर एक विशाल मशाल जुलूस निकाला। इस जुलूस का नेतृत्व करता पांडव रजक विरोध रजक, पशुपतिनाथ देव बिशाल देव, कारू देव, मिथुन बाउरी संजय कुंभकार, अजय रजक, मनोहर रजक, अजित परमाणिक, मुकेश पर माणिक, मंटू कुंभकार, संजय रजक, दिलीप रजक, आलोचना देवी, शकुंतला देवी, कल्पना देवी, उमा देवी तथा अन्य सैकड़ों ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर इस जुलूस को सफल बनाया।

## गोड्डा लोक सभा चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाने हेतु पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित





पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोड्डा: ज़िला में लोक सभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाने में बेहतर व सराहनीय कार्य व योगदान के लिये पुलिस अधीक्षक नाथुसिंह मीना के द्वारा बुधवार को अपने कार्यालय में गोड्डा एसडीपीओ जे पी एन चौधरी, प्रशिक्षु डीएसपी कुमार गौरव, सदर इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक, नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, महागामा इंस्पेक्टर उपेन्द्र महतो, पथरगामा इंस्पेक्टर बी डी चौधरी, बोआरीजोर इंस्पेक्टर वीरेन्द्र पासवान, मेहरमा इंस्पेक्टर हरिकिशोर मंडल सहित ज़िले के सभी थान प्रभरियो एवं अन्य को सम्मानित किया गया।

## राजगंज थाना पास दिनदहाड़े दुकान के शीशा से बंद अलमारी क़े बैग में 40 हजार रुपया एक चोर ने उड़ा लिया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

राजगंज : राजगंज थाना में महज सौ मीटर दूर स्तिथ किशुन चौरसिया का किराना दुकान से बुधवार को दिनदहाड़े दुकान के शीशा से बंद अलमारी में बैग में रखे 40 हजार रुपया एक चोर ने उड़ा लिया। दुकानदार किशुन चौरसिया ने बताया कि एक जरुरी काम के लिए बैंक से 40 हजार रुपया निकाल कर दुकान के अंदर एक काले रंग की बैग में पैसा को रख दिया था व बुधवार को दुकान के पीछे पेसाब करने गया था इस दौरान एक आदमी दुकान में खड़ा हो गया था पूछने पर बताया कि सामान लेना है, पेशाब करने के बाद दुकान आया तो वह आदमी नही था। तभी किशुन की नजर खुले आलमारी पर पड़ी जब अलमारी देखा तो बैग गायब था। बैग में आधार कार्ड, पासबुक,वोटर आईडी के साथ अन्य कागजात था। घटना के बाद किशुन ने राजगंज थाना में लिखित शिकायत दर्ज किया।

# मुरझा रहे धान के बिचड़े देख किसानों में मायूसी

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोड्डा :आसमान से आग उगलती धूप और लगातार बढ़ तपीश से लोगों की परेशानी इस कदर बढ़ गई है और अब गरीब और मध्यम दर्जे के लोगों को घर में रहना भी दूभर हो गया है। आलम यह है कि आवश्यक कामकाज, आवाजाही, मजदूरी, खेती-बाड़ी सबकुछ पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। जानकारी अनुसार आषाढ़ माह शुरू हो गया है लेकिन मानसून की बेरुखी से हर तबके के लोगों में तरह तरह की दुश्चिंता बढ़ने लगी है। लगातार दो साल से अच्छी बारिश नहीं होने से किसानों में अब भी उदासी है और पिछले सालों की भरपाई करने की आश में इस मौसम में रोहिणी नक्षत्र के मौके पर किसानों ने खेतों में धान के बीज बुआई किया है।

ऊपरवाला के भरोसे शुरू किया गया मेहनत और निवेश किए गए पूंजी अब डूबने के कगार पर है। यानी धान के बिचड़े अंकुरित होकर बढ़ने लगी थी कि कड़ी धूप के कहर से सूखने लगी है। दूसरी ओर पोखरा,नदी किनारे लगाए गए फसल को बचाने के लिए अब भी खेतिहरों की ओर से प्रयास बदस्तूर जारी है। लेकिन मैदान में डाले गए बीज अब बर्बाद होने के कगार पर है तथा मुरझाने लगे फसल को देखकर किसान सिर्फ ऊपरवाला के मेहरबान होने के इंतजार में टकटकी लगाए हुए हैं। इस संबंध में बिलाश, तेतर एवं निरंजन दास ने कहा है कि इस समय किसान धान रोपाई के लिए खेतों को तैयार कर स्वयं व्यस्त हो जाते थे। लेकिन बारिश नहीं होने से खेती-बाड़ी का काम ठप हो गया है। गोड्डा जिला महागामा प्रखंड वासियों के लिए धान ही मुख्य फसल है तथा जीविका का आधार है। इस उपज से ही बच्चों की पढ़ाई लिखाई,पर्व त्योहार, इलाज एवं घरेलू सभी आवश्यकताओं की भरपाई होती है। उन्होंने कहा कि इस बार मौसम का सौतेलापन देख ऐसा मालूम होता है कि क्षेत्र में अकाल की स्थिति पैदा होने में देर नहीं लगेगी।

## रैयती जमीन पर ग्राम देवी मंदिर पास देवप्रभा आउटसोर्सिंग द्वारा ओबी डंप कर धार्मिक भावनायों को पहुचाया जा रहा है ठेस - सुरेश चंद्र तिवारी



पोलिट लाइव रिपोर्टर

लोदना/झरिया -- बुधवार को लोदना क्षेत्र के ब्राह्मण बरारी मोदीभिठा बस्ती के सैकड़ों वर्षों पुरानी ग्राम देवी मंदिर के नजदीक देवप्रभा आउटसोर्सिंग कम्पनी ने रैयती जमीन पर ओबी डम्प कर ग्रामिणो के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है ।जिसके प्रतिकार स्वरुप ग्रामिण एकजूट होकर आउटसोर्सिंग कम्पनी के विरुद्ध में आवाज उठाया। उक्त बातें झारखण्ड रानीगंज कोलफिल्ड विस्थापन एवं प्रर्यावरण संरक्षण मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी ने कहा फिर उन्होंने कहा कि ग्रामिणो ने इस सम्बंध में माननीय भाजपा सांसद श्री ढुलू महतो को एक आवेदन देने का निर्णय लिया है क्योंकि रैयती जमीन पर आये दिन असुरक्षित ओबी डम्प करने से प्रर्यावरण दूषित हो रहा है तथा ब्लास्टिगं से हर वक़्त खतरा बना हुआ रहता है मौके पर सोरेश चक्रवर्ती, सुनील चक्रवर्ती तथा दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी ।